"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छ. ग./दुर्ग/09/2010-2012."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 46] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 12 नवम्बर 2010— कार्तिक 21, शक 1932

भाग 3 (1)

विज्ञापन

अन्य सूचनाएं

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, राजनाथ प्रसाद आ. स्व. मड़ई प्रसाद, उम्र-54 वर्ष, निवासी-हाउसिंग बोर्ड, फौजी नगर, भिलाई नगर, तह. व जिला दुर्ग (छ. ग.) का हूं. यह कि मैं भिलाई स्टील प्लांट में प्लेट मिल में एस. सी. ओ. के पद पर पदस्थ हूं, मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों एवं अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों में मेरे पिता का नाम मड़ई प्रसाद दर्ज है, परंतु भिलाई स्टील प्लांट के दस्तावेजों में त्रूटिवश मड़ई प्रसाद के स्थान पर महादेव प्रसाद दर्ज हो गया है जो कि गलत है. जिसे सुधार करने हेतु सक्षम प्राधिकारी के समक्ष शपथ-पत्र प्रस्तुत कर दिया हूं.

अत: अब से मेरे पिता को मड़ई प्रसाद के नाम से जाना, पहचाना व दर्ज किया जाये.

पुराना नाम	नया नाम
महादेव प्रसाद हाउसिंग बोर्ड, फौजी नगर भिलाई नगर तह. व जिला-दुर्ग (छ. ग.)	मड़ई प्रसाद हाउसिंग बोर्ड, फौजी नगर भिलाई नगर तह. व जिला-दुर्ग (छ. ग.)

विविध

न्यायालयों की सूचनाएं

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रार, लोक न्यास, सरायपाली, जिला-महासमुंद

सरायपाली, दिनांक 5 अक्टूबर 2010

क्रमांक/72/क/वा-1/अविअ/10.— एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि न्यायालय रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट सरायपाली के पंजीयन में रा. मा. क्र.1/ब-113 वर्ष 2010-11 दिनांक -10-10 पर ट्रस्ट का नाम गायत्री शक्तिपीठ बसना ट्रस्ट का पंजीयन दिनांक 5-10-2010 को किया गया है.

प्रमुख ट्रस्टी : नरसिंह प्रसाद आत्मज लक्ष्मण प्रसाद दुबे
साकिन बसना, तह. बसना, जिला-महासमुन्द (छ. ग.)

अनुसूची

(ट्रस्ट न्यास का नाम, पता और संपत्ति का विवरण)

1. ट्रस्ट न्यास का नाम और पता : गायत्री शक्तिपीठ बसना

2. चल संपत्ति : निरंक

3. अचल संपत्ति : तहसील बसना प. ह. नं. 19 रा. नि. मं. जिला महासमुन्द में भूमि खसरा नं. 122/2 क्षेत्रफल 9900 वर्गफीट, गायत्री शक्तिपीठ का मंदिर 19 कमरा, चौहद्दी अनुमानित मूल्य 19,88,250/- रु. एवं एक मंजिला पक्का मकान अनुमानित मूल्य 16,26,750/-रु. कुल योग 36,15,000/-रु.

एस. एल. श्रीमाली,
रजिस्ट्रार.

मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित -2010.